दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. पूरा प्रदेश फिर कड़ाके की ठंड और कोहरे की चपेट में। अत्यधिक ठंड से जन–जीवन प्रभावित।

02. केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की। प्रदेश के किसान भी होंगे लाभान्वित।

03. प्रदेश में रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित जमीनों से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिए जिला स्तर पर बनेगी समिति।

04. और, एनडीए घटक दलों के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की आज से शुरूआत। बगहा में हो रही है पहली बैठक।

———————————————————————————

पूरा प्रदेश एक बार फिर कड़ाके की ठंड और कोहरे की चपेट में है। आज सुबह से ही राज्य के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। राजधानी पटना समेत कई स्थानों से हल्की बूंदाबांदी के भी समाचार हैं। अत्यधिक ठंड से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। रेल, सड़क और हवाई यातायात भी प्रभावित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेजस, राजधानी और संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस सहित ग्यारह रेलगाड़ियां विलम्ब से पटना पहुंची। वहीं, दरभंगा एयरपोर्ट से सभी बारह उड़ाने रद्द रहीं। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में और गिरावट आयेगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुए दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में आठवीं वर्ग तक की कक्षाओं में पठन—पाठन सत्रह जनवरी तक स्थगित कर दिया है। वहीं, खगड़िया और सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने शैक्षणिक गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध को सोलह जनवरी तक बढ़ा दिया है।

———————————————————————————

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की शुरूआत की है। श्री गोयल ने वर्चुअल माध्यम से बोर्ड का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि बोर्ड, हल्दी किसानों के कल्याण, हल्दी की बेहतर किस्मों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि देश के बीस राज्यों में किसान हल्दी का उत्पादन करते हैं और विश्व की सत्तर प्रतिशत हल्दी भारत में पैदा होती है।

———बाइट———

40 वर्षों के परिश्रम के बाद यह सपना साकार हुआ है। मैं सभी हल्दी किसानों को हल्दी को प्रोसेस करने वाले कर्मचारियों को उद्योगपतियों को और हमारे निर्यातकों को शुभकामनाएं देता हूं कि ये जो नया टर्मरिक बोर्ड बनाया है ये आगे चल के आपके काम में बढत करने का एक काम करेगा।

प्रदेश के समस्तीपुर जिले में भी हल्दी का उत्पादन बहुतायत में किया जाता है। स्थानीय हल्दी उत्पादकों ने केंद्र सरकार के इस पहल का स्वागत किया है।

———————————————————————————

रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित जमीनों से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिए जिला स्तर पर समिति बनेगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। यह समिति पारदर्शी निर्णय लेकर विवादों को समाप्त करेगी। इसमें निबंधन के अलावे राजस्व और भूमि सुधार विभाग के शीर्ष अधिकारी भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि वर्तमान में वर्ष दो हजार सत्रह में अधिसूचित न्यूनतम मूल्य पर जमीन का निबंधन किया जा रहा है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने पंचायत भवन के निर्माण का अधिकार एक बार फिर मुखिया को देने का निर्णय लिया है। इससे पहले यह दायित्व स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, एलएईओ के पास था। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अभी एलएईओ को दो हजार ग्राम पंचायतों के निर्माण का दायित्व सौंपा गया है। राज्य की

सभी आठ हजार तिरेपन ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण होना है। दो हजार एक सौ पैंसठ पंचायत सरकार भवनों का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया जाना है। शेष दो हजार चार सौ तिरपन पंचायत भवनों को निर्माण मुखिया करायेंगे।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि सब्जी उत्पादक किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। वेजफेड की समीक्षा के दौरान उन्होंने यह बात कही है। मंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग एक सौ पचास विपणन केन्द्र खोले जाने की योजना पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि सुधा डेयरी के स्टॉल पर सब्जी के आउटलेट की व्यवस्था करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

———————————————————————————

एनडीए घटक दलों के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की आज पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा से शुरूआत हो रही है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सभी पांच घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने कहा कि मिशन दो हजार पच्चीस में दो सौ पच्चीस सीट जीतने का अभियान शुरू हो रहा है। इसके तहत पहले चरण में बगहा, बेतिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी और शिवहर में एनडीए का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होना है। वहीं, इस सम्मेलन की दूसरे चरण की शुरूआत सत्ताईस जनवरी से भोजपुर जिले से होगी।

———————————————————————————

बिहार पुलिस में चार हजार तीन सौ इकसठ पदों पर चालक सिपाही बहाल किये जायेंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार यह भर्ती केंद्रीय चयन पर्षद के माध्यम से होगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को पहले लिखित परीक्षा के साथ ही वाहन चलाने का परीक्षण देना होगा। इसमें पैंतीस प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

———————————————————————————

प्रदेश के सूचना और जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा है कि आठ साल के बाद एक बार फिर गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार की झांकी दिखेगी। उन्होंने कहा कि झांकी का विषय स्वर्णिम भारत विरासत और विकास है।

———————————————————————————————

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। कल मकर संक्रांति के अमृत स्नान के अवसर पर साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भाषिणी के सहयोग से महाकुंभ में बहुभाषायी सुगमता का तकनीकी प्रबंध किया है। एक रिपोर्ट....

———कट———

———————————————————————————————

विधान परिषद चुनाव के लिए जदयू प्रत्याशी ललन प्रसाद का नामांकन वैध पाया गया है। कल नाम वापसी की अंतिम तारीख के बाद उनकी जीत की विधिवत घोषणा की जायेगी। गौरतलब है कि विधान परिषद की एक सीट के लिए हो रहे चुनाव के लिए ललन प्रसाद के अलावा किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।

———————————————————————————————

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने मधुबनी जिले में कमला रिवर फ्रंट, बाबा बिदेश्वर स्थान और शांतिनाथ महादेव मंदिर के पर्यटकीय विकास की आधारशिला रखी। श्री मिश्रा ने बताया कि बाबा बिदेश्वर स्थान, झंझारपुर के लिए पांच करोड़ एक लाख रुपये तथा शांतिनाथ महादेव मंदिर, झंझारपुर के विकास के लिए तीन करोड़ बयालीस लाख रुपये की परियोजना का शिलान्यास किया गया है।

———————————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि ड्रोन की खरीद पर किसानों को साठ प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख पैंसठ हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। श्री पांडेय पटना के ज्ञान भवन में ड्रोन की उपयोगिता पर आधारित प्रदर्शनी के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती में ड्रोन का उपयोग किसानों के लिए समृद्धि के नये द्वार खोल रहा है।

———————————————————————————————

प्रदेश में मलेरिया के प्रकोप को जानने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च – आईसीएमआर की ओर से सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे राजेन्द्र मेमोरियल

इंस्टीट्यूट – आरएमआरआई की देखरेख में किया जा रहा है। इसके लिए पटना और मुजफ्फरपुर का चयन किया गया है। आरएमआरआई के निदेशक डॉक्टर कृष्णा पाण्डेय ने बताया कि यह सर्वेक्षण एक साल तक चलेगा। इससे  मलेरिया के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर राज्य के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी मजदूर काम करने के लिए आते हैं उन स्थानों का चयन सर्वे के लिए किया गया है।

———————————————————————————

रेलवे ने आज से इकतीस मार्च तक मोकामा और बख्तियारपुर के बीच विशेष एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन मोकामा से रात के बारह बजकर बीस मिनट पर रवाना होगी और एक बजकर तीस मिनट पर बख्तियारपुर पहुंचेगी। इधर, जम्मूतवी स्टेशन का पुर्नविकास कार्य होने के कारण रेलवे ने पटना और जम्मूतवी के बीच चलने वाली अर्चना एक्सप्रेस को अठारह जनवरी से चार मार्च तक के लिए रद्द कर दिया है।

———————————————————————————

पटना जिले के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के एक व्यवसायी से साइबर अपराधियों ने एक करोड़ अड़तीस लाख रुपये ठग लिये। वहीं, इसी जिले की कंकड़बाग और जक्कनपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के ललमनियां थाना क्षेत्र के घोरमोहना गांव में पुलिस ने लगभग पांच लाख रूपये मूल्य की नशीली दवाओं के साथ एक  व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना जिले की पुलिस ने रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र से चार लाख रुपये मूल्य के अवैध लॉटरी टिकट के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से लिखा है – जम्मू कश्मीर पीओके के बगैर अधूरा।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – औद्योगिक क्षेत्र के लिए अधिग्रहण की जाने वाली जमीन की दर नये सिरे से तय होगी।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – दस हजार चार सौ सत्तर शिक्षकों का तबादला खुद करेंगे अपर मुख्य सचिव सिद्धार्थ। हर माह पांच से आठ दिन के बीच लिस्ट जारी होगी।

**प्रभात खबर** ने मंत्री संतोष से लॉरेंसे के नाम पर मांगी तीस लाख रुपये की रंगदारी को बड़ी खबर बनाया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूरा प्रदेश फिर कड़ाके की ठंड और कोहरे की चपेट में। अत्यधिक ठंड से जन–जीवन प्रभावित।

02. केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की। प्रदेश के किसान भी होंगे लाभान्वित।

03. प्रदेश में रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित जमीनों से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिए जिला स्तर पर बनेगी समिति।

04. और, एनडीए घटक दलों के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की आज से हो रही है शुरूआत। बगहा में हो रही है पहली बैठक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।